


gramodayachitrakoot.ac.in mgcgvchitrakoot.com

# ग्रामोदय संदेश



सोमवार, 27 फरवरी 2023 | वर्ष 22 | अंक 01 | पेज 04 | मूल्य : निःशुल्क | वेबसाइट पर देखें ई—न्यूज लेटर


### ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से किया आह्वान

# समाज हित में करें शिक्षा का उपयोग

- शिक्षा के साथ दीक्षा भी भारतीय शिक्षा का वैशिष्ट्य : डॉ सुधांशु त्रिवेदी
- वर्जनाओं से मुक्त और संस्कारों से युक्त समाज की आधारशिला रखें ग्रामोदय के विद्यार्थी : प्रो. भरत मिश्रा



**चित्रकूट।** देश के पहले ग्रामीण विश्वविद्यालय 'महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय' का दसवां दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर 2022 को संपन्न हुआ। दीक्षांत की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति एवं मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि शिक्षा को समाज की समस्याओं के निराकरण का माध्यम बनाएं। राज्यपाल ने,परिश्रम और पुरुषार्थ से उपार्जन करने का संदेश देते हुए कहा कि केवल शासकीय नौकरियों के पीछे न भागें। जीवन में और भी रास्ते हैं जिन पर चलकर सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह नाना जी का विश्वविद्यालय है और यहां से पढ़े छात्रों में नाना जी के चिंतन की झलक दिखनी चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकिल सेल एनीमिया के प्रति जागरुकता निराकरण के क्षेत्र में ग्रामोदय विश्वविद्यालय उल्लेखनीय योगदान दे रहा है।

#### राष्ट्र हित में करें ज्ञान का उपयोग : डॉ सुधांशु त्रिवेदी

दीक्षांत उद्बोधन में राज्यसभा सांसद और ख्यातिलब्ध राष्ट्रवादी चिंतक डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षा तो जीवन भर चलती है। शिक्षा से सीखी गई बातों को समाज और राष्ट्र हित में लगाएं। वर्ना, जानकारी और ज्ञान तो देश विरोधी और आतंकवादी कार्यों में लिप्त व्यक्तियों में भी बहुत होता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम ने इसे साधारण मानव में साधारण मानव से महामानव की ओर यात्रा का शुभारंभ किया था। उन्होंने वैश्विक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि आने वाली सदी भारत की है। दीक्षा ले रहे छात्रों के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि आजादी की इस काल में जैसा बन रहा है, उसका नेतृत्व भारत के हाथों में है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षित होने वाले इस संकल्प व्यापक विस्तार देंगे।



नाना जी स्मृति विशेषांक


#### ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की यात्रा

कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रामोदय से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी मूल्यों से युक्त जीवन यापन करें और राष्ट्र के विकास की आधारशिला रखने में मदद करें। प्रो. भरत मिश्रा ने विश्वविद्यालय की विगत एक वर्ष की यात्रा को राष्ट्र ऋषि नाना जी के मूल्यों को समर्पित करते हुए इसे ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की यात्रा निरुपित किया। प्रोफेसर भरत मिश्रा ने कहा कि नाना जी हमेशा प्रेरणा रहेंगे।

#### पीएचडी और गोल्ड मेडल से अलंकृत हुए विद्यार्थी

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल ने विश्वविद्यालय के 93 पीएचडी धारकों को डिग्री प्रदान की। 44 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से अलंकृत किया।

#### मार्गदर्शक



श्री मंगुभाई पटेल (राज्यपाल)



श्री शिवराज सिंह चौहान (मुख्यमंत्री)



श्री डॉ. मोहन यादव (मंत्री, उच्च शिक्षा)

#### अभय महाजन ने कहा- नानाजी के वैचारिक दर्शन में दिखती है पर्यावरण चेतना



दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव अभय महाजन ने कहा कि भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के वैचारिक दर्शन में पर्यावरण को विशेष महत्व दिया गया है। दीनदयाल शोध संस्थान और चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी के सपने को साकार करने के लिए सतत प्रयास कर रहा है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने CMCLDP के अंतर्गत संचालित ग्रामोदय के पाठ्यक्रमों को सराहा

■ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहा है CMCLDP कार्यक्रम ■ समाज कार्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को मिलेंगी सुविधाएँ ■ योजनाओं के मूल्यांकन के लिए मानदेय भी मिलेगा ■ सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की नोडल एजेंसी होगी जन अभियान परिषद ■ चयनित विद्यार्थियों को योजनाओं में भागीदारी का अवसर ■ कम्युनिटी इंगेजमेंट और इन्टर्नशिप प्रोजेक्ट की व्यवस्था होगी





भोपाल। युवा ही देश के विकास का इंजन है। विकास का जन आंदोलन चलाने के लिए युवा शक्ति को ही आगे आना होगा। यह बातें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। वे रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में राज्य-स्तरीय सामुदायिक नेतृत्व युवा समागम कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए हजारों की संख्या में समाज कार्य के विद्यार्थी शामिल हुए। गौरतलब है कि समाज कार्य का यह CMCLDP कार्यक्रम जन अभियान परिषद के सहयोग से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय संचालित कर रहा है। इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा, प्रोफेसर अमरजीत सिंह, प्रोफेसर वीरेंद्र व्यास, आदि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्राम उत्थान से ही राष्ट्र उत्थान संभव है। विकास को जन-आंदोलन बनाना आवश्यक है। मध्यप्रदेश को आत्म-निर्भर बनाने के लिए युवा शक्ति के साथ मिल कर कार्य करेंगे। सामुदायिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नोडल एजेंसी जन अभियान परिषद होगी। यह कोर्स शासन के अन्य नियमित पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के समतुल्य माना जाएगा।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास कार्यक्रम लागू किए हैं। समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों से हजारों विद्यार्थी जुड़ चुके हैं। ग्रामोदय विश्वविद्यालय की परिषद के महानिदेशक बी.आर. नायडू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विकास में महिलाओं की भागीदारी के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। आज 313 अध्ययन केन्द्र में 38 प्रतिशत महिलाओं और 24 प्रतिशत अनुसूचित जाति-जनजाति की भागीदारी है। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश 2023 और यू.एन.डी.पी के सतत विकास लक्ष्य - 2030 के लिए परिषद सक्रियता से कार्य कर रही है। महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे हैं।

### युवाओं के माध्यम से योजनाओं को गांव-गांव ले जा रहे : प्रो. भरत मिश्रा

युवा समागम में आए महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा ने बताया कि सीएमसीएलडीपी का यह कार्यक्रम, जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्रामोदय विश्वविद्यालय संचालित कर रहा है। हमारा लक्ष्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव, प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाना है। सीएमसीएलडीपी के माध्यम से बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम का संचालन भी इसी का प्रमुख हिस्सा है। इस कार्यक्रम में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री मुकेश गुप्ता और परिषद के कार्यपालक निदेशक धीरेन्द्र पाण्डे उपस्थित थे।

### प्रोफ़ेसर वीरेंद्र व्यास ने किया मंच संचालन

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार ने आभार माना। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वीरेन्द्र कुमार व्यास ने कार्यक्रम का सफल संचालन करके समा बांध दिया।

## बसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस पर हुए विविध आयोजन

# शहीद कैलाश प्रसाद कुशवाहा के परिजनों का ग्रामोदय में सम्मान

**चित्रकूट।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी के शुभ मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विविध आयोजन हुए। अमर शहीद कैलाश प्रसाद कुशवाहा को श्रद्धांजलि अर्पण की गई। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संतोष कुमारी कुशवाहा का सम्मान किया गया। श्रीमती कुशवाहा को गणतंत्र दिवस पर्व पर विशेष रुप से आमंत्रित किया गया था। आपको बता दें कि ऑपरेशन रक्षक के दौरान जम्मू और कश्मीर के बीच अनंतनाग में राष्ट्र रक्षा हेतु ग्राम महुला निवासी कैलाश प्रसाद कुशवाहा देश के लिए शहीद हो गए थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रो. भरत मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। आयोजन के अगले चरण में ग्रामोदय विवि के विवेकानंद सद्भावना सभागार में बसंत पंचमी पर्व कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने बसंत पंचमी के कार्यक्रम का प्रारंभ किया। पूजन व हवन यज्ञ के साथ साथ विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए।



कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा ने कहा कि देशवासियों और प्रवासी भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को कभी भी विस्मृत नहीं करना चाहिए।



### तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने किया MOU

# ग्रामोदय, एपीएस व अटल बिहारी यूनिवर्सिटी करेंगी शैक्षणिक नवाचार



चित्रकूट। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के यथार्थ प्रभाव की झांकी ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुए अनुबंध के दौरान दिखाई दी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के रजत जयंती भवन में 22 फरवरी 2023 को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा ( मध्य प्रदेश) के कुलपति प्रो राजकुमार आचार्य और अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर ( छत्तीसगढ़) के कुलपति प्रो एडीएन बाजपेयी ने अकादमिक गतिविधियों, शोध, संस्कृति, शोध प्रकाशन, अकादमिक पाठ्यक्रम और शोध परियोजनाओं में परस्पर सहयोग के लिए एमओयू में हस्ताक्षर किए। तीनों विश्वविद्यालयो के कुलपतियों ने इस विशिष्ट नवाचार के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माना कि दो विश्वविद्यालय परस्पर सहयोग के लिए सामान्यतया अनुबंध करते हैं किंतु एक साथ तीन विश्वविद्यालयों द्वारा अकादमिक परस्पर सहयोग के एएमयू हस्ताक्षर करना विशिष्ट महत्व रखता है।

### गांधी जी के दर्शन को आत्मसात करने से दूर होंगी समस्याएं : प्रो. भरत मिश्रा



चित्रकूट। महात्मां गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 30 जनवरी 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामोदय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं में दो मिनट का मौन भी रखा। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने गांधी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने कहा कि गांधी जी के दर्शन को आत्मसात करना चाहिए। इससे सार्वजनिक जीवन की समस्याओं से निजात पाई जा सकती है।

### विश्वविद्यालय में दिखा कौशल शिक्षा का अनुपम उदाहरण

# पढ़ाई के साथ कमाई भी कर रहे ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी



चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कौशल शिक्षा देने वाला अनूठा विश्वविद्यालय बन रहा है। डिग्री के साथ-साथ जीवन कौशल और जीविकोपार्जन की शिक्षा भी दी जा रही है। इसका अनुपम उदाहरण पिछले दिन हुए ग्रामोदय महोत्सव में देखने को मिला। महोत्सव में आहार मेला लगाया गया, जिसमें आहार बनाने के तौर-तरीके सिखाए गए। साथ ही कार्यक्रम में आए लोगों ने व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। एमएसएमई मंत्रालय के आजीविका उद्यमिता व्यवसाय केंद्र और अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा समर्थित परियोजनाओं के तहत विद्यार्थियों ने यह कार्य किया। विद्यार्थियों ने द्वारा ग्रामोदय महोत्सव के दौरान आहार मेला लगाकर प्रशिक्षण के साथ कमाई का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

## राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख की प्रेरणा बना ' हर खेत को मेड़ व हर मेड़ में पेड़ मॉडल '



पदमश्री जल योद्धा उमाशंकर पांडेय ने जखनी गांव के 'हर खेत को मेड व हर मेड़ में पेड़ मॉडल' पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि छोटे प्रयास की निरंतरता से ही बड़े परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने जखनी मॉडल का श्रेय भारत रत्न नाना जी देशमुख को देते हुए कहा कि उन्ही के मार्गदर्शन से मॉडल आज दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### ' ग्रामोदय महोत्सव '

# जैविक विज्ञान पर हुई संगोष्ठी, ग्रामोदय व्याख्यान माला, पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय का हुआ व्याख्यान



चित्रकूट। ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 8 फरवरी से 12 फरवरी 2023 तक पांच दिवसीय 'ग्रामोदय महोत्सव' का आयोजन हुआ। इस दौरान कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने वृक्षारोपण भी किया। हाइब्रिड मोड़ में दो दिवसीय जैविक विज्ञान संगोष्ठी हुई, जिसमें मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति प्रो ए. के. पांडेय रहे। अध्यक्षता महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के चेयरमैन प्रो. भारत शरण सिंह, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, जर्मनी के जैविक विज्ञान विशेषज्ञ डॉ अल्चरिच वर्क, नासी प्रयागराज के संयुक्त सचिव डॉ यूसी श्रीवास्तव और आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो आई पी त्रिपाठी व आयोजन सचिव प्रो आर सी त्रिपाठी रहे। पदमश्री जल योद्धा उमाशंकर पांडेय ने जल की उपयोगिता, महत्व व संरक्षण पर विशेष व्याख्यान दिया। कृषि परिसर में कुलपति प्रो. भरत मिश्रा सहित यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों ने वृक्षारोपण कर ग्रामोदय महोत्सव के अवसर पर वृक्ष लगाने की परंपरा का प्रारंभ किया। अन्य कार्यक्रमों में खेल, बौद्धिक, सांस्कृतिक व ललितकला से सम्बंधित स्पर्धाएं संपन्न हुई।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 25 एवं 26 फरवरी को कृषि तकनीकी, प्राकृतिक खेती और वैश्विक खाद्य विपणन नीति विषयों को लेकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन उदघाटन कार्यक्रम और प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा ने की।

## समारोह पूर्वक मनाया गया ग्रामोदय महोत्सव






### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कृषि पर चर्चा




कृषि पर विचार-विमर्श के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी बात रखते कुलपति प्रो. भरत मिश्रा

### नाना जी की भव्य प्रतिमा



राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की जयंती के अवसर पर प्रतिमा में माल्यार्पण करते कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ।

### महामहिम का मार्गदर्शन



राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल से कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने मुलाकात की एवं उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### पेंटिंग पाकर खुश हुए महामहिम



ग्रामोदय की छात्रा अंजलि द्वारा बनाई गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की पेंटिंग राज्यपाल को भेंट की गई

### सामाजिक सरोकार



ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपने सामाजिक सरोकार के तहत आस-पास के गांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन करता है।

### शैक्षणिक ज्ञान का आदान-प्रदान



ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति दक्षिण भारतीय राज्य में गए और वहां जाकर शैक्षणिक ज्ञान का आदान प्रदान किया।

### बेहतर शिक्षा के लिए एम ओ यू




दक्षिण भारत की अकादमिक यात्रा के दौरान एमओयू करते कुलपति प्रो. भरत मिश्रा, प्रोफेसर वीरेंद्र व्यास एवं अन्य।

### कृषि विकास के लिए नवाचार



ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा।

### मां सरस्वती की पूजा



बसंत पंचमी के मौके पर विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजन करते कुलपति।

### प्रज्ञा चक्षु अवार्ड



ब्रेल लुई जयंती के अवसर पर प्रज्ञा चक्षु पुरस्कार प्रदान करते कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा एवं अन्य गणमान्य।

### विद्यार्थियों की प्रतिभा को निहारते वरिष्ठजन



ग्रामोदय महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाते डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कुलपति एवं अन्य।

### हम भी हैं जोश में



ग्रामोदय के विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई के साथ सांस्कृतिक, खेलकूद, ललित कला एवं अन्य गतिविधियों में भी अव्वल हैं। दृश्य ग्रामोदय महोत्सव का।

संरक्षक प्रो. भरत मिश्रा, मा. कुलपति-मुद्रक एवं प्रकाशक प्रो. आर सी त्रिपाठी, कुलसचिव, संपादक मंडल : प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र कुमार व्यास, डॉ. कुसुम सिंह, डॉ. ललित कुमार सिंह, संपादक : डॉ जय प्रकाश शुक्ल